## ब्रीफ खबरें

### मैथिल उत्थान संस्थान ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जमशेदपुर ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मैथिल उत्थान संस्थान की ओर से बुधवार को बारीडीह क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस दौरान जगह-जगह फैले कचरे की सफाई की गई. समाजसेवी बबलू झा ने संस्थान की ओर से स्वच्छता की पहल की सराहना की. मौके पर अध्यक्ष उमानाथ झा, महासचिव विजय चंद्र झा, उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, रंजीत कुमार झा विनय चौधरी, सुबोध झा, नितेश झा, प्रवीण मिश्रा, मनु झा, मीरा झा, रंजू झा, रागिनी झा, सीमा मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे.

### ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की आज से हड़ताल

**घाटशिला ।** अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य तीन अक्टूबर से हड़ताल पर जा रहे हैं. झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ जमशेदपुर सप्लाई एरिया बोर्ड के अध्यक्ष राजेश सिंह राजू ने दावा किया कि हड़ताल में लगभग 7000 विद्युत कर्मी शामिल हो रहे हैं और ऐसे में पूरे राज्य को ब्लैकआउट होने से कोई बचा नहीं सकता है. बैठक में मुख्य रूप से कृष्णा नामाता, सुभाष गोराई, धीरज कुमार, कृष्णा गोप, बुद्धेश्वर नायक, सहदेव थापा, सुदर्शन गिरी, मधु गिरी सहित कई शामिल थे.

### सैल्यूट तिरंगा ने स्थापना दिवस पर लगाए पौधे

**जमशेदपुर ।** सैल्यूट तिरंगा के स्थापना दिवस पर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम में पौधरोपण सह मातृ शक्ति का सम्मान समारोह का आयोजन जुगसलाई के आरपी पटेल स्कूल में किया. इसमें मातृ शक्ति के हाथों से पौधे लगाए गए. मुख्य अतिथि जुगसलाई थाना प्रभारी नित्यानंद प्रसाद ने सभी महिलाओं का सम्मान किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक के अध्यक्ष सरदार शैलेंद्र सिंह, समाजसेवी डॉ संजय गिरी, समाजसेवी विनोद उपाध्याय, भाजपा नेता डीडी त्रिपाठी शामिल रहे.

### आनंद मार्ग के शिविर में 70 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर ।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर दो दिवसीय रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. आनंद मार्ग के 115वें मासिक रक्तदान शिविर में 150 पौधों का भी वितरण किया गया. संस्था के सुनील आनंद ने कहा कि रक्तदान करने में रक्तदाता का किसी प्रकार का कोई भी स्वार्थ नहीं रहता. परम पुरुष के छोटे-छोटे बच्चों के कष्ट के निदान के लिए रक्तदान करते हैं. इस तरह के मनुष्य को ईश्वर की कोटि का मनुष्य कहा गया है.

### घाटशिला अनुमंडल का 42वां स्थापना दिवस मना

**घाटशिला ।** घाटशिला अनुमंडल का 42वां स्थापना दिवस बुधवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में समारोह पूर्वक मनाया गया. स्थापना दिवस पर 51 दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. जन मानस को बधाई दी और अनुमंडल के स्वर्णिम भविष्य की कामना की गई. इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर भी उपस्थित थे.

### सिंहपुरा पंचायत में जयंती पर याद किए गए गांधी

**डुमरिया।** गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत सिंहपुरा पंचायत सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई. मुखिया कनाईलाल माहली ने महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि हमें पंचायत को विकास के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए बापू के बताए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा. इस अवसर पर पंचायत स्तरीय ग्रामसभा का भी आयोजन किया गया. मौके पर पंचायत समिति सदस्य पुष्पा महतो, उप मुखिया सुखदेव नायेक, सभी स्वास्थ्य सहिया, ग्राम प्रधान, विकास कर्मकार,पंचायत सचिव जगदीश भकत आदि उपस्थित थे.

---

### घटिया निर्माण से परेशान हैं श्री वाटिका सिटी बड़ा गोविंदपुर के निवासी, कार्रवाई की मांग

# घरों में टपकता है पानी, सड़क पर काई जमने से चलने में परेशानी

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

बड़ा गोविंदपुर स्थित श्री वाटिका सिटी में रहने वाले लोगों ने बिल्डर राजीव कुमार पर कार्रवाई की मांग की. लोगों ने बिल्डर पर आरोप लगाया कि उसने भवन का घटिया निर्माण कराया है. जिसके कारण घरों में पानी टपकता है. यही नहीं सोसाइटी में आने-जाने के लिए पेवर्स ब्लॉक से बनी सड़क पर पानी जमा रहता है. जिसके कारण सड़क पर काई जम गई हैं. जिससे अक्सर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. इसकी शिकायत करने पर बिल्डर मरम्मत तो दूर की बात उल्टे लोगों को धमकाता है. वहां के निवासियों ने बताया कि बिल्डर मरम्मत के नाम पर पैसे मांगता है. पैसे नहीं देने पर गाली-गलौज करता है. यहां तक की महिलाओं से दुर्व्यवहार करने से भी बाज नहीं आता है. इसकी शिकायत परसुडीह थाने में की गई. शिकायत के बाद थाने में बिल्डर ने सुविधाएं मुहैया कराने का वादा किया. लेकिन थाना से आने के बाद मुकर गया तथा शिकायत करने वालों को बुरे परिणाम भुगतने की धमकी देने लगा.



**बिल्डर के खिलाफ एकजुट हुए लोग, बैठक कर जताया विरोध**

श्री वाटिका सिटी में रहने वाले लोग अब बिल्डर की ज्यादती से तंग आ गए हैं. बैठक कर सभी ने एक स्वर से कहा कि अब बिल्डर की धमकी व मनमानी नहीं सहेंगे. निवासियों ने बताया कि बिल्डर के लोक लुभावन स्कीम के चक्कर में पड़कर गाढ़ी कमाई से डुप्लेक्स व बंगला खरीदा. लेकिन हर वर्ष बरसात में छत से पानी टपकता है. बिल्डर न स्वयं मरम्मत करवाता है, न ही मरम्मत करने देता है. जबकि बेचने के दौरान बड़े-बड़े वादे किए थे. पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है. जिसके कारण सालों भर रास्ते पर पानी जमा रहता है. मैदान, पार्क, वेस्टेज होम, बेहतर सड़क, पार्किंग, स्वीमिंग पुल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, स्ट्रीट लाईट समेत कई सुविधाएं मुहैया कराने का वादा किया था. लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं हुआ. बैठक में राजेश कुमार मिश्रा, रंजीत विधानी, रंजीत कुमार, निर्मल कुमार, अर्जुन रजक, आनंद राज सिंह, संत कुमार झा, मनमोहन सिंह, विनय कुमार सिंह, वरूण कुमार, विवेकानंद शुक्ला, अमित दास समेत अन्य मौजूद रहे.



**डीआरजी इंटरप्राइजेज के चल रहे कई प्रोजेक्ट**

राजीव कुमार ने डीआरजी इंटरप्राइजेज नामक रियल इस्टेट कंपनी बनायी है. जिसकी प्रोपराइटर उसकी पत्नी रांति कुमारी हैं. कंपनी का रजिस्टर्ड ऑफिस मानगो निमना रोड स्थित ओल्ड सुभाष कालोनी, रोड नंबर 3 में है. जबकि कंपनी का ब्रांच ऑफिस साकची कालीमाटी रोड में गजानंद इंक्लेव में है. इन दोनों जगहों से फ्लैट्स, डुप्लैक्स व बंगलो व जमीन की प्लॉट की बुकिंग होती है. निवासियों ने बताया कि बंगलो एवं डुप्लेक्स रजिस्ट्री के दौरान जीएसटी के नाम पर पैसे लिए गए. लेकिन उसकी रसीद नहीं दी गई.



---

**कल्पनापुरी का विवेक सिंह हत्याकांड**

# मुख्य आरोपी बबलू दास को भेजा जेल

### 20 जून को हुई थी हत्या, बबलू पर आधा दर्जन आपराधिक मामले

**संवाददाता । आदित्यपुर**

आदित्यपुर थाना क्षेत्र के कल्पनापुरी मुहल्ले में 20 जून को हुई विवेक सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपी बबलू दास को आदित्यपुर पुलिस ने मंगलवार की रात छापामारी कर बेल्डीह बस्ती से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बबलू दास उर्फ अनिरुद्ध दास पर इस मामले को लेकर आदित्यपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज है. इस मामले में वह वह फरार चल रहा था.

थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि हाल के दिनों मे सरायकेला जिला में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा अलग-अलग टीम का गठन हुआ है जो लगातार अभियान चला रही है. इसी क्रम में बीती रात हत्याकांड के वांछित कुख्यात अपराधकर्मी बबलु दास उर्फ अनिरुद्ध दास (42 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है. बता दें कि गिरफ्तार अपराधकर्मी बबलू दास उर्फ अनिरुद्द दास पर विवेक सिंह हत्याकांड में योजनाबद्ध तरीके से हत्या कराने का आरोप है. बता दें कि बबलू दास उर्फ अनिरूद्ध दास पर जमशेदपुर एवं आदित्यपुर के थानों में आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं. इसमें आदित्यपुर थाना कांड संख्या- 91/ 2016, टेल्को थाना कांड संख्या- 128/ 2020, बिष्टुपुर थाना कांड सं.- 219/ 2019,आदित्यपुर थाना कांड संख्या- 387/2021, सरायकेला थाना कांड संख्या- 161/ 2023 एवं आदित्यपुर थाना कांड संख्या- 206/ 2024 शामिल हैं.



आरोपी को जेल भेजती आदित्यपुर पुलिस.

# मानगो ननि ने सफाई अभियान से दिया स्वच्छता का संदेश



- अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में स्वर्णरेखा नदी के तट पर चला अभियान

**संवाददाता। जमशेदपुर**

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड से आए निर्देश के आलोक में अपर नगर आयुक्त रंजीत लोहारा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम का अंतिम दिन बुधवार को श्रमदान कर समापन किया गया. स्वच्छता ही सेवा के तहत नदी-तालाबों के आसपास साफ सफाई का कार्य किया गया. इस क्रम में इंटेक बेल पहुंचकर स्वर्णरेखा नदी तट क्षेत्र में साफ सफाई की गई. साफ सफाई के इस अभियान में कार्यालय के नगर प्रबंधक, कार्यालय कर्मी, सफाई पर्यवेक्षक, सीएमएम, सीओ, सीआरपी आदि उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर नदी तट को साफ किया. अपर नगर आयुक्त ने बताया कि नदी-तालाब के आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई करना आवश्यक है. इस अभियान में नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, कुणाल कुमार, राहुल कुमार, प्रदीप कुमार, नगर मिशन प्रबंधक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, सभी ब्रांड अम्बेसडर, सभी कनीय और सहायक अभियंता, सफाई मित्र, सीआरपी तथा सफाई मित्र उपस्थित थे.

---

# पेयजल समस्या से जूझ रहे पारुलिया के ग्रामीण



**संवाददाता । बहरागोड़ा**

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की साकरा पंचायत के अंतर्गत पारूलिया गांव में स्थित सोलर जलापूर्ति योजना बंद होने से ग्रामीण पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं. उक्त जलमीनार के मोटर खराब होने से विगत एक साल से पेयजल आपूर्ति ठप है. इस जल मीनार को कुछ ही दिन पहले मुखिया द्वारा दुरुस्त कर दिया गया था .लेकिन फिर दोबारा खराब हो चुका है. इस जलमीनार से लगभग 55 लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति होती थी. ग्रामीणों ने बुधवार को जल मीनार के पास पानी के पात्र लेकर संबंधित विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने बताया कि अब वे निजी चापानल के सहारे किसी तरह पानी की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं. लोगों ने यह भी बताया कि पानी बंद हो जाने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने योजना के संवेदक तथा विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति पुनः बहाल की जाए ताकि गांव के लोगों को पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल सके.

# बरगद का पेड़ गिरने से दो कच्चा मकान व सोलर जलमीनार ध्वस्त

**संवाददाता । बहरागोड़ा**

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ब्राह्मणकुंडी पंचायत अंतर्गत बेलबोरिया गांव में अचानक एक विशाल बरगद की पेड़ गिर जाने से दो कच्चा मकान व एक सोलर जलमीनार ध्वस्त हो गया. जब पेड़ गिरने वाला था उस समय संजय बाग और प्रफुल्ल बाग का परिवार घर के अंदर उपस्थित था. जोरदार आवाज होने पर घर के सभी सदस्य दौड़कर बाहर निकल गए. पेड़ के गिरते ही सोलर जलमीनार व दोनों कच्चे मकान उसकी चपेट में आ गए. ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई दिनों पूर्व लगातार बारिश से मिट्टी की नमी अधिक होने तथा बरगद पेड़ की उम्र भी करीब 100 वर्ष होने के कारण जड़ से उखड़ गया.

ग्रामीण मानस बाग, सहदेव बाग, नकुल दास, अजय दास आदि ने बताया कि घर के सारे सदस्य तुरंत ही बाहर निकल गए नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था.

पेड़ गिरने की सूचना पाकर भाजपा नेता विभास दास अपने कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों से मिलने पहुंचे. उन्होंने टूटी हुई सोलर जलमीनार दुरुस्त करने के लिए विभाग को सूचना दी तथा कच्चे मकान में रहने वाले परिवार के लिए बहरागोड़ा प्रखंड कार्यालय को सूचना दी गई. प्रखंड कार्यालय की ओर से जल्द ही उक्त दो परिवारों को पीएम आवास अथवा अबुआ आवास दिलाने के लिए आश्वासन दिया गया.



घर और सोलर जल मीनार पर गिरा बरगद का पेड़. (इनसेट) पेड़ का उखड़ा जड़

---

**कृतज्ञता** जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

# प्रेरणा देता है बापू का बलिदान



महात्मा गांधी को नमन करते मंत्री बन्ना गुप्ता, डीसी व एसएसपी

**संवाददाता। जमशेदपुर**

गांधी जयंती के अवसर पर मानगो गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी सभी ने उनकी जयंती पर नमन किया.

बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी पूज्य बापू की 155वीं जयंती मना रहे हैं. बापू के सत्य, अहिंसा के बताये मार्ग आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं. आजादी के आंदोलन में उनके त्याग, बलिदान हमें प्रेरणा देते हैं. उनके आदर्श और विचार को समझना होगा. एक ऐसा व्यक्ति जिसने न कभी शस्त्र उठाया, न कभी किसी के प्रति कठोर शब्द बोले, लेकिन सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किया.

उपायुक्त अनन्य मित्तल ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित आदर्श हमारे लिए प्रेरणापुंज है. जिला प्रशासन स्वच्छता के संबंध में तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, योजनाओं का लाभ देने, स्वच्छ भारत मिशन को गांव-गांव तक पहुंचाते हुए खुले में शौच मुक्त की दिशा में कृत संकल्पित है.

# गांधी आज भी शांति और स्वच्छता के प्रतीक



महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद खड़े प्रचार्य व एनसीसी कैडेट.

**संवाददाता। घाटशिला**

घाटशिला कालेज की एनसीसी इकाई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती समारोह पूर्वक कॉलेज परिसर में बुधवार को मनाई गई. इसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया. इस मौके पर प्राचार्य डॉ चौधरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कार्यों को बताते हुए कहा कि गांधी आज भी शांति, स्वतंत्रता, समानता व स्वच्छता के प्रतीक हैं.

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था. वे चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें. यही कारण है कि उनके जन्म दिवस को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जा रहा है.

प्राचार्य ने लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसान नारा के महत्व को बताते हुए कहा कि उनके इस पहल से देश में सैन्य शक्ति और कृषि व्यवस्था समृद्ध हो सका. वे अपनी सादगी, विनम्रता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए सदैव जाने जाएंगे.

इस मौके पर वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिंह, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ दिलचंद राम, बांग्ला विभाग के अध्यक्ष डॉ संदीप चंद्र तथा राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो इंदल पासवान ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री के विभिन्न पक्षों को विस्तार से बताया. कार्यक्रम के अंत में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत वक्तव्य प्रो इंदल पासवान ने दिया. इस मौके पर लेखपाल हीरालाल सीट, प्रसनेजीत मंडल, गुनाराम मुर्मू, सूर्यदेव टुडू, अजय मार्डी, दीपक विश्वास, अशोक कुमार राय के अलावे काफी संख्या में एनसीसी कैडेट्स व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

---

## न्यूज अपडेट

### आठ को चंपाई सोरेन करेंगे पंडाल का उद्घाटन



**आदित्यपुर ।** कोल्हान टाइगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आठ अक्टूबर को श्रीश्री राम मंदिर नवयुवक दुर्गा पूजा समिति के स्वर्ण जयंती समारोह के पूजा पंडाल का उद्घाटन करेंगे. उन्हें कमेटी के अध्यक्ष विनय कृष्ण राजू एवं कमेटी के अन्य सदस्यों ने उनके झिलिंगोड़ा स्थित आवास पर जाकर आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है. वे बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे. उनसे मिलने अध्यक्ष विनय कृष्ण राजू सिंह के साथ संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, स्वप्निल सिंह, प्रिंस सिंह भी गए थे. कमेटी के लोगों ने बताया कि उनकी कमेटी का यह स्वर्ण जयंती वर्ष है. इस वर्ष पूजा धूमधाम से हो रही है. भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन पंचमी तिथि को किया जाएगा.

### खनन विभाग ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**आदित्यपुर ।** सरायकेला खनन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार तड़के आदित्यपुर और गम्हरिया थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी की.जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि आदित्यपुर थाना अंतर्गत सालडीह स्थित बंद पड़े हरदेव सिंह भट्ठा के समीप खरकई नदी से अवैध बालू का खनन किया जा रहा है. एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई. यहां से एक ट्रैक्टर को अवैध बालू के साथ जब्त किया गया है. वहीं गम्हरिया थाना के जगन्नाथपुर बोलाईडीह रोड के समीप से भी टीम ने एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है. उन्होंने बताया कि दोनों ट्रैक्टर के चालक मौके से फरार हो गए. ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है.

### आश्रम में कुष्ठ रोगियों के बीच बांटी फल व मिठाई



**आदित्यपुर ।** सामाजिक संस्था झारखंड चेतना मंच ने पार्वती घाट स्थित अंत्योदय आश्रम में बुधवार को किया. महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद कर उनकी जयंती मनाई. इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथियों ने कुष्ठ रोगियों के बीच फल मिठाई बांटा. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सुरेश धारी ने किया, जबकि संचालन कुमार सुबोध शरण ने किया. धारी ने कहा कि वे 25 वर्षों से गांधी और शास्त्री जयंती अंत्योदय आश्रम में मना रहे हैं. यहां समाज से ठुकराए लोग रहते हैं, जिनकी सेवा ही सही मायने में उन महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है.

### नेताजी शिशु उद्यान परिसर में मनाई गांधी जयंती



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के नेताजी शिशु उद्यान परिसर में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई. पार्क कमेटी के अध्यक्ष निर्मल दुबे व सचिव मिंटू पाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. इस दौरान सचिव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए हम सभी को संकल्प लेना चाहिए. गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे उन्होंने अहिंसा के बल पर ही भारत को आजादी दिलाई थी. इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी तथा पार्क कमेटी के कई सदस्य उपस्थित थे.

### वृद्ध शांति निकेतन में गांधी-शास्त्री को किया नमन



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर 2 स्थित रोड नंबर 10 में अवस्थित वृद्ध शांति निकेतन के वृद्धजनों ने अपने रजत जयंती वर्ष पर वृद्ध शांति निकेतन हॉल में बुधवार को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर नमन किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे. उन्होंने दीप प्रज्वलित कर और दोनों महापुरुषों के तस्वीर पर फूल माला अर्पित की. अपने संबोधन में उन्होंने वृद्ध जनों से आशीष लेते हुए कहा कि आज इस संस्था ने रजत जयंती पूरी कर ली है. महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्होंने संस्था की नींव रखी यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है.सांगठनिक विस्तार पर चर्चा करते हुए निकेतन के अध्यक्ष जगदीश मंडल ने कहा कि संस्था के पुनर्गठन में कभी चुनाव में न जाएं, चुनाव होने से संस्था में मतभेद होता है, चुनाव राजनीतिक संगठन का भाग है.

### बागबेड़ा में स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया



**जमशेदपुर ।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को बागबेड़ा कॉलोनी में स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया. इस दौरान लोगों ने चित्रगुप्त पूजा मैदान में व्याप्त गंदगी की सफाई की. साथ ही स्वच्छता अपनाने की शपथ ली. पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने बताया कि मैदान में गंदगी की वजह से लोग इसका इस्तेमाल नहीं करते थे. साफ-सफाई होने से बच्चे यहां खेल सकेंगे. इस मौके पर उप मुखिया संतोष ठाकुर, समाज सेवी हरेंद्र सिंह, रिंकू , हरिशंकर मिश्रा, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र शर्मा, अशोक सिंह, विनोद तिवारी, सुरेश तिवारी, संजीव कुमार, धर्मवीर सिंह, संजीव कुमार सिंहा, मोनु ,विनीत मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे.

### भाकपा ने जयंती पर गांधी-शास्त्री को किया नमन



**जमशेदपुर ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सिंहभूम जिला परिषद के साकची स्थित कार्यालय में बुधवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. इस दौरान सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. प्रगतिशील लेखक संघ के वरिष्ठ सदस्य शेखर मल्लिक ने गांधीजी के बलिदान और त्यागपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला और देश के स्वाधीनता संग्राम में उनके योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की. भाकपा नेता धनंजय शुक्ला ने लालबहादुर शास्त्री के सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की चर्चा की. जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर ने कहा कि आज देश को एक सूत्र में बांधे रखने के लिए गांधी के विचारों को याद रखना जरूरी है. कार्यक्रम में हीरा अरकने, अब्दुल कलाम रशीदी, ज्योति मल्लिक, निगमा नंद पॉल, एस प्रमाणिक, सोनू सेठी आदि उपस्थित रहे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुल्क प्रतिपदा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 175 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**ब्रीफ खबर**

### भाजमो ने जयंती पर बापू व शास्त्री को किया नमन

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा महानगर के मानगो मंडल एवं उलीडीह मंडल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मानगो गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण कर नमन किया गया. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव,कुलविंदर सिंह पन्नू, प्रकाश कोया, प्रेम सक्सेना, कन्हैया ओझा आदि उपस्थित थे.

### सेवा भारती के शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर ।** तुलसी भवन के मुख्य सभागार में गांधी-शास्त्री जयंती पर सेवा भारती एवं जेसीआई पहचान के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 72 यूनिट रक्त संग्रह हुआ. इसमें अभ्युदय, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, डॉ मुकुंद प्रधान सेवा स्मृति न्यास सहभागी रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी-शास्त्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित कर हुआ.

### गुड़ाबांदा थाना में महिला पुलिसकर्मी देने की मांग

**डुमरिया ।** गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा पंचायत समिति सदस्य पुष्पा महतो ने जिला प्रशासन से गुड़ाबांदा थाना में महिला पुलिसकर्मी बहाल करने की मांग की है. वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा है महिला पुलिस मौजूद नहीं होने के कारण महिलाएं अपनी समस्याएं खुलकर बोल नहीं पाती हैं. महिला पुलिस होने से महिलाएं विस्तार पूर्वक अत्याचार की जानकारी दे सकेंगी.

### भारतीय बुद्धिजीवी मंच ने दी बापू-शास्त्री को श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर ।** अखिल भारतीय बुद्धिजीवी मंच ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुधवार को एक विशेष बैठक आयोजित की. यह बैठक मंच के अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इसमें स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी की भूमिका पर गहन चर्चा की गई. उनके स्वदेशी विचार और विदेशी धरती पर किए गए कार्यों की सराहना की गई.

### दक्षिणेश्वर काली मंदिर में अमावस्या पर विशेष पूजा

**जमशेदपुर ।** श्री श्री दक्षिणेश्वर सार्वजनिक काली पूजा समिति, ईस्ट प्लांट बस्ती,बर्मामाइंस द्वारा बुधवार को आश्विन माह के कृष्ण पक्ष के अमावस्या तिथि के अवसर पर मां काली की विशेष पूजा का आयोजन किया गया. विशेष पूजा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. पुरोहित झंटू घोषाल द्वारा पूजा संपन्न कराया गया. इस अवसर पर महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया.

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ थाना में शिकायत

**जमशेदपुर ।** झामुमो समर्थक अरुण सिंह ने झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ मानगो थाना में शिकायत दर्ज करायी है. जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि टीवी चैनलों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपमानित करने वाले और नफरत फैलाने बाले बयान प्रसारित किए जा रहे हैं. इससे समाज में तनाव उत्पन्न होने का खतरा है. उन्होंने इस मामले में कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया.

### कार्यकर्ता मिलन समारोह में मंत्री को किया आमंत्रित

**डुमरिया ।** मंत्री रामदास सोरेन को उनके आवास जाकर गुड़ाबांदा पंचायत झामुमो कमिटी ने कार्यकर्ता मिलन समारोह के लिए आमंत्रित किया. सात अक्टूबर को काशियाबेड़ा फुटबॉल मैदान मे एक दिवसीय कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा. मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष जोरा मंडल, सचिव सोमाय टुडू, शामु बांडरा और कासियाबेड़ा के ग्राम प्रधान रामदास हांसदा कार्यकर्ता राजेश सोरेन, मंगल टुडू आदि उपस्थित थे.

---

## एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पांच को सीएम करेंगे ओपीडी का उद्घाटन

# निजी अस्पतालों की तरह मिलेंगी सुविधाएं : बन्ना गुप्ता

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में नव निर्मित अस्पताल में ओपीडी सेवा का शुभारंभ 5 अक्टूबर को होगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्घाटन करेंगे. इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभागीय प्रधान सचिव के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया.

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि नव निर्मित अस्पताल को अत्याधुनिक रूप दिया गया है. जिससे मरीजों को यहां निजी अस्पताल की अनुभूति होगी. कहा कि 751 बेड का अस्पताल वर्तमान में बन चुका है. जिसमें 131 बेड आईसीयू तथा 620 बेड जेनरल होंगे. इसी के साथ-साथ 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी अलग से बनाया जा रहा है जिससे अस्पताल की कुल कैपेसिटी 851 बेड की हो जाएगी.



अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य अधिकारी.

उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण से कोल्हान के साथ-साथ आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी. अस्पताल के सुव्यवस्थित एवं बेहतर संचालन को लेकर समीक्षा हाई लेबल समीक्षा की गई. कहा जल्द ही यह अस्पताल कोल्हान वासियों की सेवा में समर्पित होगा. मौके पर प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक एनएचएम अबू इमरान, अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एसडीओ शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, सिविल सर्जन पश्चिमी सिंहभूम डॉ जुझार माझी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

---

### पश्चिम बंगाल सरकार ने फिर किया बॉर्डर सील, चिंचड़ा में लगा कई किलोमीटर लंबा जाम



झारखंड पश्चिम बंगाल बॉर्डर बहारागोड़ से सटे चिंचड़ा में पश्चिम बंगाल सरकार के आदेश पर बुधवार को बॉर्डर सील कर दिया है. एनएच 49 मुंबई कोलकाता मुख्य सड़क पर पश्चिम बंगाल जाने वाले सड़क पर चिंचडा बॉर्डर से खंडमौदा तक लगभग 14 किलोमीटर ट्रकों की लंबी कतार लगी हुई है. कोलकाता में महालया के कारण कलश यात्रा आयोजित हुई थी. इसीलिए बॉर्डर की पुलिस को सील करने के लिए आदेश दिया गया था.

---

## कई महीनों से छुट्टी नहीं मिलने के कारण परेशान थे कृष्णा साहु

# कराईकेला में एएसआई ने गर्दन में गोली मारकर की आत्महत्या

## परिवार वालों ने काम के दबाव को बताया वजह, जांच की मांग

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना में पदस्थापित एएसआई कृष्णा साहु ने बुधवार सुबह थाना परिसर में स्थित अपने कमरे में खुद को सर्विस इंसास रायफल से गर्दन के कंठ में गोली मारकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि बुधवार सुबह लगभग छह बजे कराईकेला थाना में गोली चलने की आवाज आई. इसके बाद आनन-फानन में थाना परिसर में मौजूद थाना प्रभारी अंकित कुमार व अन्य जवान गोली चलने वाले कमरे की ओर गये तो देखा कि एएसआई कृष्णा साहु गोली लगने से अचेत गिरा पड़ा है और उसके सिर से खून निकल रहा है. वहीं एएसआई कृष्णा साहु का इंसास रायफल भी बगल में पड़ा हुआ था. मामले की सूचना पाकर पोड़ाहाट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा कराईकेला थाना पहुंचे और मामले की जानकारी तत्काल मृतक एसआई कृष्णा साहु के परिजनों को दी. मृतक के परिवार वाले भी गुमला जिला के कुलबीरा गांव से कराईकेला पहुंचे. इधर मृतक एएसआई कृष्णा साहु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

बताया जाता है कि एएसआई कृष्णा साहु की वर्ष 2021 में कराईकेला थाना में पोस्टिंग हुई थी. वह झारखंड के गुमला जिले के कुलाबीरा गांव का रहने वाला था. कराईकेला थाना क्षेत्र में कई नक्सल प्रभावित गांव आते हैं. काम का अधिक दबाव होने के कारण उसे पिछले कई महीनों से छुट्टी नहीं मिल रही थी. इस बात का जिक्र उसने अपने परिवार के सदस्यों से भी की थी. परिवार वालों ने बताया कि छुट्टी नहीं मिलने व रोजाना कड़ी ड्यूटी रहने के कारण कृष्णा साहु मानसिक रुप से परेशान रहते थे. इधर गुमला के कुलाबीरा गांव से कराईकेला थाना पहुंची मृतक कृष्णा साहु की पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र सूरज कुमार साहु, सुमन कुमार साहु समेत अन्य का रो-रोकर बुरा हाल था.परिवार वालों का कहना था कि काम के दबाव के कारण ही कृष्णा साहु परेशान रहते थे, मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए. गौरतलब है कि पुलिसकर्मियों पर काम के दबाव का असर उनकी लाइफस्टाइल पर पड़ने लगा है. ओवरटाइम और छुट्टी न मिलना जिंदगी का हिस्सा बन गया है.



एएसआई कृष्णा साहु (फाइल फोटो)



थाना परिसर में एएसआई कृष्णा साहु के शव के समीप विलाप करते परिजन.

### लंबे समय से थानों में पदस्थापित सिपाहियों का नहीं हो रहा ट्रांसफर

पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार राय ने कहा कि झारखंड सरकार के नियमावली के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में जमादार या सिपाही का ट्रांसफर होना चाहिए,लेकिन जिलों के थानों में पिछले कई सालों से पदस्थापित सिपाहियों का स्थानांतरण नहीं हो रहा है .वहीं सिपाहियों के ऊपर काम का अधिक प्रेशर भी रहता है .जिससे जवान मानसिक रुप से परेशान रहते हैं .

### एएसआई की मौत के मामले की होगी जांच : एसडीपीओ



इधर घटना को लेकर पोड़ाहाट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपी) पारस राणा ने कहा कि एएसआई कृष्णा साहु की मौत के मामले में जांच होगी . उन्होंने कहा कि सुबह घटना की सूचना मिलते ही तत्काल परिजनों को इसकी जानकारी दे दी गई थी . प्रथम दृश्या आत्महत्या ही लग रही है, लेकिन इसके बावजूद जांच होगी . उन्होंने कहा कि परिजनों के अनुसार एएसआई कृष्णा साहु काम की वजह से थोड़ा परेशान थे .

### 2024 में कई जवानों ने की आत्महत्या

- **25 जुलाई :** चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला ओपी स्थित सीआरपीएफ कैंप में जवान आशीष कुमार ने गोली मारकर की आत्महत्या .
- **जुलाई के आखिरी हफ्ते** में लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के करमडीह पिकेट में जवान प्रमोद सिंह की मौत उसके ही हथियार से गोली चलने की वजह से हो गई थी .
- **18 जून :** बोकारो के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 में एक सीआईएसएफ जवान संजीत ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली थी .
- **31 मई :** हजारीबाग डीआईजी आवास में तैनात जिला पुलिस के 31 वर्षीय जवान विकास कुमार ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मार ली थी, मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी .
- **6 फरवरी :** चतरा स्थित सीआरपीएफ 190 बटालियन कैंप में कैलाश चंद मेहरा नामक जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली .

---

# बिष्टुपुर बोधनवाला घाट को एसएसपी ने बताया खतरनाक

## केंद्रीय पूजा कमिटी के साथ विसर्जन घाट का निरीक्षण

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

एसएसपी किशोर कौशल ने बिष्टुपुर बोधनवाला घाट को खतरनाक घाट बताया. उक्त घाट तक जाने वाला रास्ता इतना ढलान है कि कोई भी वाहन अनियंत्रित होकर पलट सकता है अथवा किसी को अपनी चपेट में ले सकता हैं. एसएसपी बुधवार को शहर के दुर्गा पूजा विसर्जन घाट का निरीक्षण कर रहे थे. इस दौरान जमशेदपुर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे.

महासचिव आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि एसएसपी, सिटी एसपी, एसडीओ समेत वरीय अधिकारियों ने स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी में होने वाले विर्जन घाट का निरीक्षण किया. इस दौरान कई घाट में गंदगी मिली. वहीं रास्ते भी उबड़-खाबड़ पाए गए. उन्होंने बताया कि बिष्टुपुर बोधनवाला घाट का निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने उक्त घाट को खतरनाक बताया. क्योंकि उक्त घाट तक जाने के लिए बना रास्ता इतना ढलान (स्लोप) है कि कोई भी वाहन अनियंत्रित हो सकता हैं. गत वर्ष उक्त घाट पर विसर्जन के दौरान एक वाहन अनियंत्रित हो गया. जिसकी चपेट में किताडीह का एक व्यक्ति आ गया. जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई. जबकि कई लोग घायल हो गए. आशुतोष सिंह ने बताया कि एसएसपी ने बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन करने आने वाली पूजा समितियों से उक्त घाट पर विसर्जन नहीं करने की अपील की. साथ ही पूजा कमिटी के साथ इस संबंध में बैठक कर निर्णय लेने के लिए कहा. आशुतोष सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर 3 अक्टूबर को बिष्टुपुर में 15 पूजा कमिटियों के साथ बैठक बुलायी गई हैं. अगर कमिटी चाहेगी तो उसके लिए दूसरे घाट पर विसर्जन की अनुमति मिलेगी.

### सती घाट का नाला बंद करने का निर्देश

स्वर्णरेखा नदी में सोनारी सती घाट पर गंदे नाले से निरंतर पानी का बहाव होता है . जिसके कारण नदी का पानी प्रदूषित होता है . निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने जुस्को (अब टीएसयूआईएसएल) को उक्त नाले को बंद करने का निर्देश दिया . इसी तरह विसर्जन घाट पर जहां-जहां गंदगी है . उसकी समय से पहले सफाई करने, सप्तमी के दिन तक सभी घाटों पर रास्ते की मरम्मत एवं लाइटिंग लगाने का निर्देश दिया .

---

# आदित्यपुर में एसपी ने ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था का लिया जायजा

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है. इसी कड़ी में बुधवार शाम सरायकेला पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने पुलिस प्रशासन टीम के साथ आदित्यपुर क्षेत्र में पार्किंग व ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया. पुलिस अधीक्षक के साथ नगर निगम की उप नगर आयुक्त पारुल सिंह, थाना प्रभारी राजीव सिंह, ट्रैफिक प्रभारी राजेश सिंह समेत निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे. इस दौरान एसपी ने आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान, हातिल फर्नीचर के पास चिन्हित पार्किंग स्पॉट का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही लगाने की व्यवस्था हो. एसपी ने कहा कि सभी पूजा कमेटी को निर्देशित किया गया है कि पंडाल में सीसीटीवी कैमरे, फायर फाइटिंग सिस्टम लगाना आवश्यक है. पंडाल को फायर प्रूफ बनाना है.

---

# पोटका में एकलव्य विद्यालय का पीएम ने किया ऑनलाइन उद्घाटन



स्कूल का उद्घाटन के मौके पर उपस्थित विधायक व अन्य प्रतिनिधि.

- 17 .50 करोड़ से विद्यालय का किया गया निर्माण

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोटका प्रखंड के मंगलासाई में बने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया. प्रधानमंत्री बुधवार को हजारीबाग में एक दिवसीय दौरे पर आए थे. पोटका में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायत संजीव सरदार मौजूद रहे. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विद्यालय का संचालन केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से किया जायेगा. यहां शिक्षक की प्रतिनियुक्ति केंद्र सरकार करेगी. जबकि शिक्षकेत्तरकर्मी की प्रतिनियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी. उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के वेहतर भविष्य की कामना की. इस शैक्षणिक वर्ष में 120-120 आदिवासी छात्र-छात्राओं का नामांकन कक्षा छह में लिया जायेगा. एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय का निर्माण लगभग 17.50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है. दूसरे चरण में भी 240 छात्रों के लिए पठन पाठन एवं आवासीय सुविधा के लिए भवन का निर्माण किया जायेगा. मौके पर सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र नाथ सरदार, जिला परिषद सदस्य सूरज मंडल, सविता सरदार एवं सोनमनी सरदार तथा मुखिया दुखनीमाई सरदार भी उपस्थित रहीं.

---

### प्रवीण सेवा संस्थान पंडाल का पट खुला

- बिहार के जमुई की विधायक श्रेयसी सिंह ने किया उद्घाटन

**आदित्यपुर ।** प्रवीण सेवा संस्थान के पंडाल उद्घाटन बिहार के जमुई की विधायक सह अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह ने किया. विधायक श्रेयसी सिंह ने कहा कि मैं अपने परिवार के बीच आई हूं. कभी मेरे पिता केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह भी इस पंडाल का उद्घाटन करने आये थे. आज मुझे उनकी याद आ रही है.

श्रेयसी सिंह ने कहा इस एक भारत श्रेष्ठ भारत को दर्शाता और विश्व बंधुत्व का संदेश दे रहा म्यांमार का यह बौद्ध मंदिर अलौकिक बना है. 2014 के कॉमनवेल्थ गेम में मैंने रजत पदक जीता था. मैं आज भी खुद को संयुक्त बिहार की रहने वाली बताती हूं. मेरे लिए दोनों एक समान हैं. भारत की बेटी देवी दुर्गा, काली और ममतामयी मां का रूप है. जो समय आने पर बंदूक उठाकर निशाना भी लगा सकती है.

मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि इस बार पंडाल का थीम भारत की सामाजिक सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता पर आधारित है. 10 सीसीटीवी की निगरानी में श्रद्धालु दर्शन करेंगे. 100 से अधिक वोलेंटियर्स मौजूद रहेंगे.

---

# दो साल पहले बने कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन आज, किसानों को नहीं पता क्या रखा जाएगा

## बोड़ाम में कल्पना सोरेन की हुई सभा में मामला उठने पर सक्रिय हुआ विभाग



**विशेष सहयोगी । पटमदा**

पटमदा के बामनी में दो वर्ष से बनकर तैयार कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन 3 अक्टूबर को होगा. इसकी तैयारियां जहां पूरी हो गई है, वहीं कोल्ड स्टोरेज को लेकर किसानों में भ्रम की स्थिति हैं. वहां कौन-कौन से उत्पाद रखे जाएंगे. इसको लेकर किसान अनभिज्ञ हैं. रघुवर दास की सरकार में कोल्ड स्टोरेज के निर्माण की अनुशंसा हुई थी. लेकिन हेमंत सरकार ने इसका निर्माण कराया. 2022 में कोल्ड स्टोरेज का भवन बनकर तैयार हो गया. लेकिन तकनीकी कारणों से यह चालू नहीं हो पाया. जिसके कारण भवन के साथ-साथ वहां के उपस्कर वगैरह खराब होने लगे. बीते दिनों बोड़ाम में कल्पना सोरेन की सभा में यह मामला उठा. जिसके बाद विधायक मंगल कालिंदी तत्पर हुए तथा आनन-फानन में वहां की कमियां दूर की गई. इसके संचालन का जिम्मा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने हजारीबाग की कंपनी मेसर्स हजारीबाग होप एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड को दिया है. 10 करोड़ की लागत से निर्मित कोल्ड स्टोरेज की क्षमता 5 हजार एमटी (मिट्रिक टन) है.

एजेंसी से जुड़े सचिन खंडेलवाल ने बताया कि पटमदा क्षेत्र में शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) की कमी के कारण स्थानीय कृषक अपने उत्पादों का सुरक्षित भंडारण नहीं कर पाते थे. जिसके कारण उन्हें अपने सरप्लस उत्पादन को बिचौलियों के हाथों बिक्री करना पड़ता था. कोल्ड स्टोरेज होने के कारण किसान अपनी सुविधा के अनुसार उत्पाद बेच सकेंगे. इससे उनके आर्थिक हितों की रक्षा हो सकेगी. उन्होंने बताया कि कृषकों के साथ-साथ क्षेत्र के व्यवसायी भी अपने उत्पादों को एक समयावधि तक कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित भंडारण कर सकेंगे. उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को विधायक मंगल कालिंदी इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे. मौके पर वेजफेड (सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी संघ लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक अभिनव मिश्रा भी मौजूद रहेंगे.

### किसानों से ज्यादा बिचौलिए लेंगे लाभ: रवि बेसरा



पटमदा के किसान रवि बेसरा ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज का लाभ किसानों को कैसे मिलेगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई है . उन्होंने कहा कि पटमदा-बोड़ाम के किसान ज्यादातर मात्रा में सब्जी की खेती करते हैं . सुनने में आया है कि वहां इमली, गुड़, महुआ वगैरह रखा जाएगा . जबकि सब्जी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है . ऐसे में कोल्ड स्टोरेज का लाभ किसानों को कितना मिल पाएगा . कहा कि इसका ज्यादा लाभ पैसे वाले या बिचौलिए ज्यादा उठा पाएंगे .

### किसान के हित का ध्यान जरूरी : जितेंद्र कुमार सिंह



पटमदा के किसान जितेंद्र सिंह ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज बनना अच्छी बात है . लेकिन इसका लाभ किसानों को कितना मिल पाएगा इसमें संदेह है . उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से किसान फसल उगाते हैं . लेकिन उसे सुरक्षित रख पाना मुश्किल होता है . कोल्ड स्टोरेज खुलने से खुशी है . लेकिन सरकार को किसानों के हित का ध्यान रखना चाहिए .

### टूना बारिक की तलाश में परिजन परेशान



**किरीबुरु ।** किरीबुरु शहर की सीमा से लगे ओडिशा के बोलानी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेसकैम्प बस्ती के पुन्डुल टोला निवासी 30 वर्षीय युवक टूना बारिक, पिता माया बारिक 27 सितम्बर की दोपहर लगभग ढाई बजे अपनी हीरो होंडा पैशन मोटरसाइकिल (ओआर 09एल-8103) के साथ लापता है. उक्त युवक के परिजन सभी जगह खोजकर थक गये तब 28 सितम्बर की रात बोलानी थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई.

### पारिस्थितिक संतुलन बनाने में सभी जीवों का महत्व : कमल



**किरीबुरु ।** सेल की गुवा अयस्क खान में वन्य जीव सप्ताह समारोह की शुरुआत मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) कमल भास्कर ने झंडी दिखाकर किया. इस अवसर पर सीजीएम कमल भास्कर ने कहा कि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सभी जीवों का अपना अलग महत्व होता है. वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण आलोक यादव ने बताया कि इस पूरे सप्ताह वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सेल गुवा का पर्यावरण विभाग, राज्य के वन विभाग के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा. इस अवसर पर सेल गुवा के जीएम एसपी दास, राजेश सिन्हा, आरके बंगा, डा सीके मंडल, संजय बनर्जी, प्रवीण कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.

### सांसद जोबा माझी ने एकलव्य विद्यालय का किया उद्घाटन



**चक्रधरपुर ।** सोनुआ प्रखंड के दिग्गीलोटा गांव में बुधवार को नवनिर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का सांसद जोबा माझी ने फीता काटकर किया. मौके पर उन्होंने कहा कि इस भव्य विद्यालय भवन का शिलान्यास के बाद उद्घाटन समारोह में शामिल होने पर खुशी महसूस कर रही हूं. उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की. उन्होंने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने में सहायक साबित होगा. उद्घाटन समारोह में सांसद का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बच्चियों ने नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर स्वागत किया. मौके पर जिला परिषद सदस्य सुहागी मुर्मू, आइटीडीए के निदेशक, एनपीसीसी के परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार आदि उपस्थित थे.

### गांधी जयंती पर भाजयुमो ने चौका मोड़ में चलाया सफाई अभियान



**चांडिल ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला मंत्री आकाश महतो ने बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर चौका मोड़ ओवरब्रिज के नीचे सफाई अभियान चलाया. इस दौरान ओवरब्रिज के नीचे चारों ओर फैले कचरों को निजी स्तर से जेसीबी और लोगों के द्वारा साफ कराया गया. मौके पर युवा नेता आकाश महतो ने बताया कि पिछले कई माह से चौका मोड़ ओवरब्रिज के नीचे कचरा का अंबार लगा हुआ था.

### पुलिस ने तोड़ा महुआ शराब भट्ठी



**चांडिल ।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 और शारदीय नवरात्रि पर आयोजित होने वाले दुर्गोत्सव के मद्देनजर चांडिल थाना की पुलिस ने अवैध विदेशी शराब की खरीद बिक्री, नकली शराब बनाने और महुआ शराब चुलाई के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है. इस दौरान पुलिस को सफलता भी हाथ लग रही है. मंगलवार की रात चांडिल थाना की पुलिस ने रामगढ़ स्थित नदी किनारे छापामारी अभियान चलाया. अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने एक शराब भट्ठी को नष्ट कर दिया. महुआ शराब को नष्ट करते हुए करीब पांच क्विंटल जावा महुआ को भी नष्ट किया गया. पुलिस दल ने शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों को भी तोड़कर बर्बाद कर दिया. इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि छापामारी अभियान के दौरान किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

नौ दिनों तक देवी दुर्गा की आराधना में लीन रहेंगे भक्त, धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान का किया जाएगा आयोजन

# चौका में पारंपरिक दशईं नाच से किया गया देवी नवदुर्गा का आवाहन

**संवाददाता । चांडिल**

शारदीय नवरात्र के पहले दिन महालया के शुभ अवसर पर बुधवार को सार्वजनिक श्रीश्री नवदुर्गा पूजा समिति चौका मोड़ की ओर से दशईं नाच के साथ देवी दुर्गा का आवाहन किया गया. समिति की परंपरा है कि महालया के दिन पारंपरिक दशईं नाच के साथ आदि शक्ति महामाया देवी दुर्गा का आवाहन किया जाता है. दशईं नाच आदिवासी संताल समाज का पारंपरिक नृत्य है, जिसे दशहरा के 10 दिनों में ही किया जाता है.

साल में इस नृत्य को 10 दिन ही किया जाता है. इसमें संताल समाज के पुरुष रंग-बिरंगी साड़ियों को धोती जैसा पहनकर और बांह और माथे पर मोर का पंख लगाकर भुवांग, थाली, बांसुरी, करताल आदि वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाते हुए नृत्य करते हैं. चौका मोड़ स्थित नवदुर्गा मंदिर प्रागंण में बुधवार को महालया के अवसर पर आसपास के दशईं नृत्य दल पहुंचे और पारंपरिक रूप से नृत्य पेश किया. चौका में नवदुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन गुरुवार की सुबह किया जाएगा.

पूजा पंडाल का उद्घाटन पुरोहित पंडित जयंत चटर्जी करेंगे. पंडाल का उद्घाटन होने के बाद नवरात्र के पहले दिन देवी दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा के लिए कलश यात्रा निकाली जाएगी. सुबह आठ बजे कलश स्थापना के बाद पूजा-अर्चना और चंडीपाठ शुरू होगा. शाम को सात बजे आरती की जाएगी. शारदीय नवरात्र के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल अंतर्गत चौका में देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की प्रतिमा स्थापित की जाती है. नवरात्र के दौरान प्रतिदिन देवी के अलग-अलग रूपों की प्रतिमा की पूजा-अर्चना के लिए कलश यात्रा निकाली जाती है. पूजा-अर्चना के साथ ही यहां प्रतिदिन चंडी पाठ किया जाता है. महानवमी के दिन मंदिर में हवन-यज्ञ किया जाता है. हवन में दूर-दराज से नवरात्र का पालन करने वाले श्रद्धालु शामिल होते हैं.



श्रीश्री नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित की गई मां दुर्गा के नौ रूप.



चौका में देवी दुर्गा के आवाहन के मौके पर दशईं नाच करते कलाकार.

#### सात दिनों तक सुनाई जाएगी रामकथा

इसके साथ ही नवरात्र के दौरान चौका में प्रतिदिन रामकथा पर प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन होगा. इस वर्ष रामकथा पर प्रवचन देने के लिए सोनाहातु, रांची के कथा वाचक पंडित शक्तिपद चटर्जी और चौका के अविनाश चटर्जी आ रहे हैं. इनके द्वारा गुरुवार से 10 अक्टूबर तक अपराह्न तीन बजे से राम कथा होगी.

#### लोक कलाकार मचाएंगे धूम

शारदीय नवरात्र की विजयादशमी के दिन चौका में कलश विसर्जन की जाती है. प्रतिमा का विसर्जन एकादशी के दिन किया जाता है. इस वर्ष महासप्तमी से विजया दशमी तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. महासप्तमी के दिन नौ अक्टूबर को रात दस बजे से मानभूम गीत, नृत्य व कॉमेडी धमाल राजू सहिस एवं जननी लाइट का आयोजन किया गया है. 10 अक्टूबर को महाअष्टमी पर रात नौ बजे से मेगा मैजिक शो जादूगर पवन, धनबाद एक से बढ़कर एक जादूगरी के कारनामे दिखाएंगे. वहीं महानवमी के दिन 11 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से पूर्वी मिदनापुर के कलाकार मोनालिसा दास एवं परिमल दास अधिकारी द्वारा बाउल संगीत का विचित्रानुष्ठान का आयोजन होगा. वहीं विजया दशमी के अवसर पर 12 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से बांकुड़ा, पश्चिम बंगाल की रूपा का कार्यक्रम होगा.

बरकानी में लोस चुनाव में ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार तो 70 साल बाद राज्य सरकार जागी

# सड़क निर्माण का हुआ भूमि पूजन

- सांसद व विधायक ने किया भूमि पूजन, ग्रामीणों में खुशी

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर प्रखंड की हतनातोड़ांग पंचायत के बरकानी गांव में आजादी के बाद से ही सड़क नहीं थी. 70 साल से ग्रामीण सड़क की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी भी सरकार या उसके सांसद और विधायकों ने मांग पूरी नहीं की. वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव में बरकानी गांव के ग्रामीणों ने भी हठधर्मिता दिखाई. उन्होंने वोट का बहिष्कार किया को राज्य सरकार जागी. किसी भी ग्रामीण ने वोट नहीं किया था.

इसका असर हुआ कि बुधवार को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी व चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया. यहां गांव के दिउरी ने विधिवत पूजा अर्चना की. मौके पर मुख्य रूप से भाग एक की जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हांसदा भी मौजूद थीं. मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पेटेढीपा चौक से बोन्डीह तक 3.5 किमी तक इस सड़क का निर्माण किया जाएगा. इसकी लागत 4 करोड़ 11 लाख रुपये है. बुधवार को गांव में सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन होने पर ग्रामीणों में खुशी देखी गई.

मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में थोड़ी देर होती है, लेकिन कार्य अवश्य ही पूरा होता है.

स्थानीय ग्रामीण अपनी देखरेख में बेहतर सड़क का निर्माण करायें. सड़क निर्माण के भूमि पूजन के दौरान गांव के मुंडा सनातन केराई, ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता पप्पू कुमार, समाजसेवी चंद्रकांत हांसदा, समाजसेवी अनिल कुमार सामड, झामुमो नेता प्रदीप महतो, अमर बोदरा, मदन केराई, मरकुस गागराई, पलटन गागराई, संजय केराई, रामसिंह केराई आदि मौजूद थे.



बरकानी गांव में सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन करती सांसद जोबा माझी.



सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन करते विधायक सुखराम उरांव.

#### 1200 आबादी है गांव की

बरकानी गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया था. बरकानी गांव में लगभग 1200 की आबादी है. पेटेढीपा चौक से लेकर बोन्डीह तक लगभग साढ़े तीन किमी सड़क निर्माण की मांग वर्षों से करते आ रहे थे. लोस चुनाव के दिन सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार कर दिया था. इसके कारण बरकानी गांव के बूथ संख्या 83 प्राथमिक विद्यालय मतदान केन्द्र में शाम तक पीठासीन पदाधिकारी मतदाताओं का इंतजार करते रह गये थे.

#### सांसद व विधायक का किया स्वागत

बरकानी गांव में सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक तरीके से सांसद जोबा माझी व विधायक सुखराम उरांव का स्वागत किया. इस दौरान ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की. ग्रामीणों ने कहा कि 70 वर्षों बाद गांव में सड़क का निर्माण हो रहा है. गांव में अगर कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है तो मुख्य सड़क तक जाने में काफी परेशानी होती है. वहीं बरसात के मौसम में पूरा रास्ता कीचड़मय हो जाता है. अब सड़क बनने से हमारी समस्या दूर होगी.

## न्यूज अपडेट

### लिटिल एंजल पब्लिक स्कूल ने चलाया स्वच्छता अभियान



**किरीबुरु ।** गांधी एवं शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर लिटिल एंजल पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं ने बच्चों के महिला अभिभावकों तथा किरीबुरु थाना पुलिस के साथ मिलकर मेघाहातुबुरु में स्वच्छता अभियान चलाया. इस दौरान स्कूल परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों, सड़क किनारे की गंदगियों की साफ-सफाई की. इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई. इस अभियान में स्कूल की प्राचार्य नाजमी खानम, थाना प्रभारी मुनाजीर हसन, एसआई बिपिन बिहारी सिंह, शिक्षिका रिंकू, साहिना, अर्चना, आजीविका महिला संकुल संगठन की यशोदा गुप्ता, रीना दास, हीरामनी बारला, पूनम सिधु, अभिभावक, कुंती सुनुवर, पूर्णिमा आदि मौजूद थे.

### गांधी जयंती पर सीआरपीएफ ने स्वच्छता अभियान चलाया



**किरीबुरु ।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर राजीव रंजन 26वीं बटालियन, सीआरपीएफ के दिशा-निर्देशानुसार तथा सुबीर कुमार मंडल, सहायक कमांडेंट, ई/26 सीआरपीएफ के नेतृत्व में जवानों ने मुर्गापाड़ा एरिया में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया. इस दौरान सीआरपीएफ कैम्प के आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई तथा कैम्प परिसर में पौधरोपण कार्यकम का आयोजन किया गया. इस अभियान में ई/26 और डैट/26 बटालियन के सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया.

### ग्रामसभा की बैठक में कई योजनाओं को दी गई मंजूरी



**किरीबुरु ।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर मेघाहातुबुरु उत्तरी पंचायत अन्तर्गत कलैता गांव के मुंडा निर्मल सिधु की अध्यक्षता में ग्रामसभी की बैठक हुई. इसमें मुखिया लिपि मुंडा भी उपस्थित थे. बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव से मुख्य सड़क तक पीसीसी पथ, जल मीनार, तीन कमरा व एक कार्यालय युक्त स्कूल भवन, स्कूल की बाउन्ड्री, आंगनबाड़ी केन्द्र, चबूतरा, गांव के दो नाला पर पुलिया निर्माण आदि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया. इस दौरान वीर सिंह मुंडा व अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

### एसडीओ ने पूजा पंडालों का लिया जायजा, समिति को दिए निर्देश



**चक्रधरपुर ।** दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार की शाम पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राज लक्ष्मी ने चक्रधरपुर के कई दुर्गा पूजा समिति के पंडालों का जायजा लिया. उन्होंने पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ पूजा पंडालों, विसर्जन रूट, विसर्जन घाट बिजली के तारों की समस्या, साफ-सफाई का निरिक्षण किया. उन्होंने नगर प्रबंधक चक्रधरपुर को शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, विसर्जन रूटों पर स्टोन डस्ट डलवाने, विसर्जन घाट का समतलीकरण एवं पर्याप्त मात्रा में बिजली की व्यवस्था करने का निर्देश दिया. विसर्जन के दौरान चक्रधरपुर को पवन चौक, बाटा रोड के ऊपर, तम्बाकू पट्टी चौक, आदर्श पूजा पंडाल के पास बिजली के तारों को ठीक करने समेत अन्य निर्देश दिए.

## झारखंड के आंदोलनकारियों को गांधी जयंती पर मिला प्रमाण पत्र



**संवाददाता । चांडिल**

गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को ईचागढ़ और चांडिल प्रखंड मुख्यालय में झारखंड आंदोलनकारी को सरकार की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया. इसके तहत बुधवार को ईचागढ़ प्रखंड के 70 और नीमडीह प्रखंड के 70 झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया. प्रमाण पत्र वितरण के पूर्व दोनों स्थानों में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई. विदित हो कि सरकार ने झारखंड आंदोलनकारी का प्रमाण पत्र के लिए ईचागढ़ विधानसभा से 366 आंदोलनकारियों को चिन्हित किया है. इसमें चांडिल प्रखंड के 76, ईचागढ़ प्रखंड के 70, नीमडीह प्रखंड के 86 और कुकड़ू प्रखंड के 134 झारखंड आंदोलनकारी शामिल हैं.

#### आंदोलनकारियों को चिन्हित करने में लग गए 24 वर्ष

सरकार की ओर से झारखंड आंदोलनकारी को चिन्हित कर प्रमाण पत्र दिए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए झारखंड आंदोलनकारी अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने कहा कि इससे आंदोलनकारियों में स्फूर्ति का संचार होगा. राज्य में अब तक बनी सरकारों ने आंदोलनकारियों को चिन्हित करने में 24 वर्ष लगा दिये. यह कार्य अलग राज्य बनने के बाद पहले चरण में प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए था. इन 24 वर्षों के दौरान कई आंदोलनकारियों की मृत्यु हो चुकी है. बुधवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय भी में झारखंड आंदोलन कारियों को प्रमाण पत्र दिया गया.

## दौड़ सर्वोत्तम व्यायाम, नित्य दौड़ने वाले बीमार नहीं पड़ते : महाप्रबंधक

**संवाददाता । किरीबुरु**

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुवा के छात्र-छात्राओं ने रन फॉर डीएवी कार्यक्रम में भाग लिया. यह कार्यक्रम डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति नई दिल्ली की ओर से पूरे देश में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएवी गुवा की प्राचार्य उषा रॉय के मार्गदर्शन में बीएसएल, सेल, गुवा के एचआर विभाग के महाप्रबंधक (जीएम) प्रवीण कुमार और एजीएम अमित तिर्की ने झंडी दिखाकर किया गया. मौके पर जीएम प्रवीण कुमार ने कहा कि दौड़ सर्वोत्तम व्यायाम है. नित्य दौड़ने वाले बीमार नहीं पड़ते हैं. इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे. सभी धावकों ने डीएवी स्कूल से आरंभ कर कल्याण नगर, योग नगर, न्यू कैंप होते हुए गुवा थाना के सामने से दौड़ लगाते हुए डीएवी स्कूल के पास बने फिनिशिंग प्वांइट को पार किया. इस प्रतियोगिता में बालकों में माइकल जोजो (नवम ब) का विद्यार्थी प्रथम, रोहित गगरई (अष्टम ब) द्वितीय, फ्रैंकलीन जोह्न बाबा बारहवीं विज्ञान (तृतीय) रहा. बालिकाओं में निहारिका मुखिया (दशम ब) प्रथम, आश्रिता सॉय (अष्टम अ) द्वितीय एवं श्रेया घोष (अष्टम ब) तृतीय स्थान पर रही. विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य उषा रॉय ने कहा कि खेलकूद न केवल शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, अपितु मनोमस्तिष्क को भी संतुलित रखते हैं. संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ शिक्षक पीके आचार्य ने किया. खेल शिक्षक बीके साहू का रन फॉर डीएवी कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा. मौके पर शिक्षकों में विकास मिश्रा, एके उपाध्याय, बीजी सिंह, पवन कुमार, शालिनी साहू, पुष्पांजलि नायक आदि मौजूद थे.



विजेता छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्या व दौड़ में शामिल बच्चे.

#### गांधी ने न्याय के मार्ग पर चलने का दिया संदेश : सीजीएम

**किरीबुरु ।** सेल की किरीबुरु प्रबंधन द्वारा सीजीएम कमलेश राय के नेतृत्व में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जेनरल ऑफिस प्रांगण में मनायी गयी. सबसे पहले अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के अलावे बगल में स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. समारोह में सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि गांधी ने लोगों को सत्य व अहिंसा और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया था.

**कार्यक्रम** चाईबासा में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती

# बापू-शास्त्री को नमन कर अधिकारियों व बच्चों ने ली शपथ

- सीआरपीएफ ने भी बापू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**संवाददाता । चाईबासा**

चाईबासा में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. समारोह में डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी आशुतोष शेखर, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा, सदर एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो, नजारत उपसमाहर्ता देवेंद्र कुमार, सदर एसडीपीओ राहुल देव बढ़ाईक, नगर परिषद चाईबासा की प्रशासक संतोषनी मुर्मू, सीआरपीएफ के पदाधिकारी व जवानों ने चाईबासा स्थित गांधी मैदान परिसर में बापू की प्रतिमा व शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. समारोह में मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सदर अंचलाधिकारी, नगर परिषद कर्मी सहित स्कूली बच्चों ने समाज में स्वच्छता का संदेश प्रसारित करने एवं अपने घर तथा आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता को बहाल रखने, आस-पास के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने की शपथ ली. इस अवसर पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के समापन समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नगर परिषद चाईबासा के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों एवं जल सहिया को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया.





बरकानी

#### अंजुमन इस्लामिया ने चलाया सफाई अभियान

**चाईबासा ।** गांधी जयंती के अवसर पर अंजुमन इस्लामिया चाईबासा के सचिव फैयाज खान के नेतृत्व में मुख्य सड़क व शहरी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया. इस अवसर पर चाईबासा-चक्रधरपुर मुख्य सड़क पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया. नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया और मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया. इस अवसर पर सचिव फैयाज खान ने कहा कि इस्लाम धर्म में सफाई को आधा इमान कहा गया है. मौके पर एहसान सैफी, तहसीन अमीन, मो शहजादा, मो शेरू, मो इफ्तेखार, जहांगीर आलम आदि मौजूद थे.

#### गुवा में अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन

**किरीबुरु ।** गुवा पूर्वी पंचायत भवन में बुधवार को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर सबकी योजना सबका विकास के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा सह अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुवा वन क्षेत्र पदाधिकारी परमानंद रजक, विशिष्ट अतिथि गुवासाई मुंडा मंगल पूर्ति एवं पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी ने दीप प्रज्वलित कर किया. उसके बाद 75 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में लोगों को स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं फिट इंडिया व पौधरोपण को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया.

## सीएसआर गांवों का विकास के प्रति सेल गंभीर : स्टेला

**संवाददाता । किरीबुरु**



गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर सेल की मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने महिला समिति एवं सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु अस्पताल प्रबंधन ने संयुक्त रूप से सीएसआर योजना के तहत अस्पताल के मरीजों के बीच मच्छरदानी, हॉर्लिक्स, ब्रेड व विभिन्न प्रकार के फलों का वितरण किया. यह कार्यक्रम महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम के नेतृत्व में तथा अस्पताल की सीएमओ डा नन्दी जेराई की देखरेख में आयोजित किया गया. महिला समिति की पदाधिकारियों व सदस्यों ने चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती लगभग 45-50 महिला व पुरुष मरीजों को उक्त सामग्रियां दीं. इसके बाद सभी ने अस्पताल परिसर ने पौधरोपण किया. स्टेला सेलबम ने कहा कि सेल प्रबंधन अपने सीएसआर गांवों का विकास के प्रति गंभीर है. सीएमओ डा नन्दी जेराई ने कहा कि सारंडा के ग्रामीण अथवा मरीज कभी भी अंधविश्वास का सहारा नहीं लें. बीमार होने पर चिकित्सकों के पास जायें. हमारे अस्पताल के तमाम अनुभवी चिकित्सक व सहयोगी स्टाफ आपकी सेवा हेतु सदैव रात-दिन कार्य कर रहे हैं. इस कार्यक्रम में डा पीआर सिंह, डा सरस्वती खलको, डा शीतलजीत सिंह चंदन, डा अर्चना बेग, सहायक महाप्रबंधक मोहन कुमार, राम बाबू डोराडला, कुवंर वीरेन्द्र बहादुर, सुषमा योगेश राम आदि मौजूद थे.

